



नवभारत 03
इंदौर, गुरूवार, 20 नवम्बर, 2025

## एक नजर में

### सम्मान समारोह का आयोजन 24 को

**खंडवा।** साहित्य सर्जनों के लिए साहित्य परिवार कवि कला संगम (ककस) व्दारा वर्ष 2025-26 के लिए ज्योति चौरे सम्मान, अमृतलाल चौरे सम्मान एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में भागवत चौरे स्मृति सम्मान का भव्य गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार 24 नवम्बर को होगा। यह जानकारी देते हुए ककस प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि ककस परिवार के नवें वर्ष के इस मौके पर चयनित व्यक्तियों को अनेक साहित्यकारों एवं गणमान्यजनों की विशेष मौजूदगी में स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भेटकर सम्मानित किया जायेगा। शीघ्र ही चौरे सम्मान के लिए नामों का चयन संस्था सचिव नितेश चौरे एवं संस्थापक सुनील चौरे उपमन्यु की उपस्थिति में ककस चयन समिति व्दारा चयनित कर घोषणा की जायेगी।

### 29 को पूर्णाहुति पर दुबई में 14 मंजिली क्रुज जहाज पर होगा आयोजन का पल्लव एवं भंडारा

**खंडवा।** सिंधी कॉलोनी स्थित आस्था केंद्र स्वामी शांति प्रकाश आश्रम प्रमुख सखी साई स्वामी रमेश प्रकाश महाराज के मुखारविंद से दुबई में 21 से 29 नवम्बर तक स्वामी शांति प्रकाश साहिब जी के चालीहा महोत्सव के दौरान नौ दिवसीय अमृतवाणी वर्षा होगी। यह जानकारी देते हुए आश्रम प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि स्वामी रमेश प्रकाश महाराज 20 नवम्बर शाम 5 बजे मुंबई से एयर इंडिया विमान द्वारा दुबई के लिए प्रस्थान करेंगे। जहां उपस्थित भारतीय श्रद्धालुओं द्वारा स्वामी जी का भव्य रूप से आत्मिक स्वागत किया जाएगा। यहां स्वामी जी द्वारा 21 से 29 नवम्बर तक सिंधी सेरीमनी हाल में उपस्थित श्रद्धालुओं पर सत्संग प्रवचनओं के दौरान अमृतवाणी वर्षा की जाकर उन्हें अपने हृदय में अपनी जन्म भूमि एवं अपने राष्ट्र के प्रति राष्ट्र प्रेम रखने की प्रेरणा दी जायेगी। वही आयोजन के दौरान 23 नवम्बर को सम्मान समारोह के दौरान दुबई में बसे सिंधी परिवारों की माताओं का शाल श्रीफल एवं प्रमाण पत्र सौपकर सम्मान किया जायेगा। आयोजन की पूर्णाहुति पर 29 नवम्बर को दुबई में 14 मंजिली क्रुज जहाज पर पल्लव एवं भंडारा आयोजित होगा। स्वामी जी 30 नवम्बर को रात्रि 11 .40 बजे एयर इंडिया विमान द्वारा मुंबई अपने वतन के लिए रवाना होंगे। जहां बड़ी संख्या में प्रेम प्रकाशी श्रद्धालुओं द्वारा स्वामी जी का भव्य स्वागत सत्कार किया जाएगा।

### एक सप्ताह सेवा उत्सव : जय भोलेनाथ ग्रुप व ओम साई सेवा संस्था का संयुक्त आयोजन



**खंडवा।** सहयोग, संस्कार और सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए जय भोलेनाथ ग्रुप एवं ओम साई सेवा संस्था द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 20 नवंबर से 26 नवंबर तक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह के अंतर्गत गर्म वस्त्र वितरण, आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर, महिलाओं के लिए जागरूकता शिविर, छोटे बच्चों को पठन सामग्री वितरण सहित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन होगा। जानकारी देते हुए नंदा चंचलानी एवं भाव्या साधवानी ने बताया कि बीते तीन वर्षों से लगातार यह सेवा सप्ताह आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जरूरतमंदों को विभिन्न प्रकार की सामग्री प्रदान की जाती है। पुष्पा चंचलानी ने बताया कि इस दौरान महाआरती, रुद्राभिषेक, नराश्रितों को स्वल्पाहार एवं कपड़े वितरण भी कार्यक्रम का हिस्सा है। गुरुवार से प्रारंभ इस सेवा सप्ताह के अंतर्गत 22 नवंबर, शनिवार को आयुष विभाग द्वारा नि:शुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा, जिसमें सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक डॉक्टर वर्षा रानी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाई वितरण किया जाएगा। प्रतिभागी आगे भी आयुष विभाग, जिला चिकित्सालय जाकर अपना उपचार नियमित करवा सकते हैं। ज्योति चौहान एवं पूजा चौहान ने बताया कि दोनों संस्थाओं के संरक्षक मनोहर शामनानी का जन्मदिवस 25 नवंबर को होने के कारण हर वर्ष सेवा सप्ताह का आयोजन एक परंपरा बन चुकी है। श्रीमती अंशु पालीवाल और भावना गुरबाणी ने बताया कि पूरे वर्ष दोनों संस्थाएं स्वच्छ भारत अभियान, प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान, पठन सामग्री वितरण एवं तीज-त्योहारों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती हैं। सामाजिक कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने के कारण दोनों संस्थाओं को पिछले तीन वर्षों से सम्मानित भी किया गया है और एक वर्ष संरक्षक मनोहर शामनानी को नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के लिए ब्रांड एंबेसडर भी बनाया गया था।

### अवैध शराब एवं असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में 09 गिरफ़्तारी, 38 जमानती वारंट, 80 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए। जिले के विभिन्न थानों में 20 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 14 प्रकरणों मे 19 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 01 प्रकरणों मे 01 अनावेदकों के विरुद्ध विरुद्ध कार्रवाई की गईहै। जिले में 04 अनावेदक के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गईहै। अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध थाना थाना मूंदी के आरोपी विनोद पिता रंजुसिंह चौहान जाति भीलाला उम्र 34 साल नि. जलवाबुजर्ग के कब्जे से कच्ची हाथ भट्टी महुआ मदिरा शराब कुल 9 लीटर कीमती 720 /-रुपए की जप्त की गई। उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### ग्राम पंचायत नर्मदा नगर में जल संरक्षण समीति की बैठक



**नर्मदानगर।** ग्राम पंचायत नर्मदा नगर में जल संरक्षण हेतु बनाई गयी समीति की बैठक और टेनिंग हेतू खंडवा से आये पोलेटेक्निक कालेज से डा. समीर दिक्षित, सरपंच महेश जायसवाल, सचिव रधुनाथ सिसोदिया, प्राचार्य आशीष शुक्ला यादव, श्री सोलंकी, विजय खडायते, राजेश गौर, अनिता परतवाड, गोपाल कलम, जितेन्द्र मासरे, लछछू यादव आदि उपस्थित थे।

### वाहन चालकों से 10500/-रुपए वसूले

**खंडवा।** जिला खंडवा में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट न लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 22 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 10500/-रुपए वसूल किए गए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

### मोतियाबिंद के 26 मरीजों की इंदौर में नि:शुल्क सर्जरी कराई जाएगी

**खण्डवा।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत बुधवार को छैगांवमाखन विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धनगांव में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाकर मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि शिविर में मरीजों की आंखों की जाँच के बाद मोतियाबिंद सर्जरी के लिए 26 मरीजों को चयनित किया गया है, जिन्हें गुरूवार को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए चौइथराम नेत्रालय इन्दौर भेजा जाएगा। शिविर में आये मरीजों को नेत्र रोग संबंधी जानकारी देते हुए आँखों की देखभाल व सुरक्षा के लिए समझाइश भी दी गयी।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव के पुत्र का विवाह निमाड़ के दिग्गज कांग्रेसी अरुण यादव के परिवार में तय

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** राजनीति से जुड़े दो घराने रिश्तो में एक होने जा रहे हैं। निमाड़ के सुभाष यादव खानदान और उज्जैन के मुख्यमंत्री परिवार एक दूसरे के समाधि बनने जा रहे हैं। भाजपा के मुख्यमंत्री मोहन यादव और कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव का परिवार पहले भी रिश्ते से जुड़ा था अब मोहन यादव के सुपुत्र की शादी अरुण यादव के मौसेरे भाई की पुत्री से हो रही है। 30 नवंबर को विवाह है।

मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव के बेटे की शादी की तैयारियां जोरों पर हैं। इस हाई प्रोफाइल शादी के लिए दो होटल भी बुक किए जा चुके हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि मोहन यादव कांग्रेस के दिग्गज नेता के समधी बनने जा रहे हैं।





### मोहन यादव के छोटे बेटे हैं अभिमन्यु

मोहन यादव के छोटे बेटे अभिमन्यु यादव की शादी कांग्रेस के दिग्गज नेता की भतीजी से होने जा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण यादव मोहन यादव के रिश्तेदार बनने वाले हैं।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव बनेंगे सीएम मोहन के समधी

अरुण यादव की भतीजी डाक्टर इशिता के साथ सीएम मोहन यादव के बेटे डाक्टर अभिमन्यु की शादी 30 नवंबर को धूमधाम से होने जा रही है। पूर्व डिप्टी सीएम स्व. सुभाष यादव, दिनेश यादव के मौसा हैं। कांग्रेस नेता अरूण यादव और दिनेश यादव मौसरे भाई हैं। तो इस तरह से सीएम मोहन यादव के समधी कांग्रेस के दिग्गज नेता बनने जा रहे हैं।

### 30 नवंबर को विवाह होगा

अभिमन्यु और डाक्टर इशिता की शादी 30 नवंबर को होगी। कार्यक्रम में कई वीवीआईपी के पहुंचने की उम्मीद है। लिहाजा इस हाइ प्रोफाइल शादी के लिए तैयारियां चरम पर चल रही हैं। मोहन यादव कांग्रेस नेता अरुण यादव के समधी बनेंगे।

## सराहनीय कार्य करने वाले बीएलओ को कलेक्टर ने पुष्प मालाएं पहनाई





**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बुधवार को खंडवा जिले के शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने सराहनीय कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को प्रोत्साहित किया। कम प्रगति वाले बूथ लेवल अधिकारियों को कार्य में सुधार लाने और कार्य की प्रगति बढ़ाने के लिए सचेत किया, ताकि निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण अभियान संबंधी सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण हो सकें।

कलेक्टर रामनगर, माताचौक, साईंराम नगर, संत रविदास वार्ड, दौलतपुरा, बांगड़दा, पुनासा, रोहणी सहित लगभग एक दर्जन मतदान केंद्रों पर पहुंचे।

उन्होंने भ्रमण के दौरान पुनासा में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सराहनीय कार्य करने वाले बीएललो शिवराम मालाकार, मुकेश सावनेर, संजय सिंह, निलेश सकरगाए, नंदराम पुवारे और बृजेश यादव को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया।

### एक माह का वेतन काटने के आदेश

कलेक्टर ने बुधवार को खंडवा शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण अभियान संबंधी कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि साईंराम नगर क्षेत्र में निर्वाचन संबंधी कार्यों में समन्वय एवं मार्गदर्शन के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारी अमृता मोरे, सहायक संचालक कृषि द्वारा निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण अभियान संबंधी कार्यों में रुचि न लेने से डिजिटाइजेशन के कार्य की प्रगति बहुत कम है, जिस पर कलेक्टर ने श्रीमती मोरे का एक माह का वेतन काटने के आदेश उपसंचालक कृषि को दिए हैं।

## कालमुखी में जल समिति सदस्यों को प्रशिक्षित किया

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में अमृत संचय अभियान के तहत गठित जल समिति सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को ग्राम कालमुखी में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में क्षेत्र की दस पंचायतों के जल समिति सदस्य शामिल हुए।**



प्रशिक्षण के दौरान अमृत संचय अभियान के जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर गणेश कानडे द्वारा गांव का वाटर बजट बनाने और रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं वर्षा जल संरक्षण के माध्यम से गांव का पानी गांव में रोकने के उपाय बताए।

प्रशिक्षण में उन्होंने बताया कि जिले में लगातार ग्राउंड वाटर लेबल घट रहा है। अब भी यदि हम जागरूक नहीं हुए और वर्षा जल को विभिन्न माध्यमों से रोककर जमीन का जल स्तर नहीं बढ़ाया, तो भविष्य में परेशानी हो सकती है।

इस अवसर पर श्री कानडे ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग, बोरी बंधान, हैंड पंप सोकपिट, डगवेल रिचार्ज, सूखा बोरवेल रिचार्ज, मेढ़बंधान, खेत तालाब, परकोलेशन टैंक, नाला गहरीकरण, गली प्लग आदि संरचनाएं बनाने के तरीके बताए। पंकज गुप्ता ने समिति सदस्यों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

प्रशिक्षण में पंचायत समन्वय अधिकारी भागीरथ मालवीय, सरपंच प्रतिनिधि गोविंद वर्मा, सरपंच राहुल मंदवाल ढ़ौरानी, सरपंच अमोदा रमेश सोलंकी, सहित अन्य जल समिति सदस्य भी मौजूद थे।

**रेल सुविधा** 8 दिसंबर से शुरू होगी, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने रेल मंत्री का आभार माना

## मुजफ्फरपुर-हड़पसर नई एसी ट्रेन की सौगात



### नियमित एक्सप्रेस ट्रेन का विवरण इस प्रकार है

ट्रेन संख्या 15589/15590 मुजफ्फरपुर - हड़पसर - मुजफ्फरपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 15589 प्रत्येक सोमवार को मुजफ्फरपुर से 8 दिसंबर को शाम 7.25 बजे प्रस्थान कर प्रति मंगलवार, (9 दिसंबर से) शाम 5.00 बजे खंडवा आगमन करेंगी। और तीसरे दिन सुबह 6.25 बजे हड़पसर (पुणे) पहुँचेगी। ट्रेन संख्या 15590 प्रत्येक बुधवार को हड़पसर (पुणे) से सुबह 10.00 बजे प्रस्थान. (10 दिसंबर से) करेगी खंडवा रात्रि 10.00 बजे खंडवा आगमन कर और अगले दिन रात 9.50 बजे मुजफ्फरपुर पहुँचेगी।

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। यात्रियों की सुविधा के लिए, रेल मंत्रालय ने मुजफ्फरपुर और हडपसर (पुणे) के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन सेवा के नियमितीकरण को मंजूरी दे दी है। यह सेवा, जो पहले एक स्पेशल ट्रेन (05289/05290) के रूप में चलती थी, अब नए नंबर 15589/15590 के साथ एक नियमित साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में चलेगी।**

मध्य रेल समिति सदस्य मनोज सोनी ने बताया कि मुजफ्फरपुर से हड़पसर नियमित साप्ताहिक एसी ट्रेन की सौगात क्षेत्रवासियों को मिली है। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने इस ट्रेन के नियमित शुरू होने पर कहा है कि नई एसी ट्रेन के शुरू होने पर खासकर पुणे की ओर ट्रेनों की बढ़ोतरी की क्षेत्रवासियों मांग पूरी हुई है। यह ट्रेन 8 दिसंबर से शुरु हो रही है जिसकी बुकिंग रेलवे में आज से प्रारंभ कर दी है। खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार माना है।

इसकी नियमित सेवा मुजफ्फरपुर से 8 दिसंबर, 2025 को और हडपसर से 10 अक्टूबर, 2025 को शुरू होगी।

**- : ठहराव :-**

हाजीपुर, सोनपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पटना। दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, खंडवा, भुसावल, मनमाड, कोपरगाँव, बेलापुर, अहिल्यानगर और दौंड कॉर्ड लाइन, हड़पसर रहेगा।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर परिषद ओंकारेश्वर द्वारा वार्डों का व्यापक निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**ओंकारेश्वर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर परिषद ओंकारेश्वर द्वारा दिनांक 19 नवंबर 2025 को प्रात: 5.00 बजे से शहर के सभी वार्डों का व्यापक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण श्री कृष्णा, सहायक कलेक्टर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।**

निरीक्षण के दौरान शहर के मुख्य मार्गों—जे.पी. चौक से बड़ा चौक, ओंकार मठ एवं वार्ड क्रमांक 07 के ममलेश्वर रोड क्षेत्र में व्यापक सफाई एवं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

लंबे समय से बंद पड़े वॉटर प्यूरीफायर, जो MPT द्वारा विष्णु मंदिर के पास रखवाए गए थे, को मरम्मत कर पुन: चालू किया गया तथा जल प्रदाय कर्मचारियों की सहायता से इसे ममलेश्वर मंदिर परिसर के पास स्थापित किया गया।

जे.पी.चौक एवं गजानन आश्रम के पास दुकानदारों द्वारा लगाए गए बड़े तख्त, टेंट, टेले एवं अन्य अतिक्रमण सामग्री को तत्काल हटवाया गया।

जनप्रतिनिधियों, बेलपत्र/फूल विक्रेता महिलाओं तथा फुटपाथ के नींबू पानी विक्रेताओं की आपसी सहमति से जेपी चौक और गजानन आश्रम के सामने 5×5 के अस्थाई ब्लॉक निर्धारित किए गए। दुकानदारों को निर्देशित किया गया है कि वे केवल निर्धारित ब्लॉक के अंदर ही दुकान लगाएँ।

निर्देशों का उल्लंघन करने पर संबंधित दुकान का समस्त सामान जप्त किया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी दुकानदार की होगी। इसके अतिरिक्त निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देश जारी किए गए कि सार्वजनिक स्थानों, सरकारी कार्यालयों एवं मंदिर परिसरों से 30 मीटर के दायरे में कोई भी व्यक्ति गुटखा, पान मसाला, सिगरेट पीते, थूकते या बेचते हुए पाए जाने पर उस पर ?500 तक का दंड लगाया जाएगा।

### नगर परिषद की नागरिकों से अपील

नगर परिषद ओंकारेश्वर सभी नागरिकों से अनुरोध करती है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें एवं सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करके केवल नगर परिषद द्वारा संचालित डोर-टू-डोर कलेक्शन वाहन में ही दें। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु आपका सहयोग आवश्यक है।

## इंदिरा गांधी की जयंती पर गांधी भवन में हुआ रक्तदान शिविर



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। जिला एवं शहर कांग्रेस ने बुधवार को प्रात: 11.30 बजे पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्व. इंदिरा गांधी के जन्म जयंती के अवसर पर रक्त दान शिविर का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।**

जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि स्व. इंदिरा गांधी ने देश को मजबूत करने के लिए अनेकों कदम उठाए। उन्होंने अध्यादेश द्वारा देश के 14 निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, यह इंदिरा गांधी का साहस ही था जिसके चलते 1971 में पाकिस्तान की शर्मनाक हार हुई और बांग्लादेश का निर्माण हुआ।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सन 1974 में स्माइलिंग बुद्धा ऑपरेशन के तहत परमाणु परीक्षण कर भारत को एक नई ताकत दी। पांचवी पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत गरीबी हटाओ का नारा दिया और देश से निर्धनता समाप्त करने के बीस सूत्रीय कार्यक्रमों का निर्धारण किया।

जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता संजय पाटीदार का भी जन्मदिन उपस्थितजनों ने केक काटकर मनाया। रक्तदान शिविर संजय पाटीदार एवं धर्मेन्द्र राठौड़ के संयोजन में आयोजित किया गया जिसमें 19 यूनिट रक्तदान किया गया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी, नेता प्रतिपक्ष दीपक मुल्लु राठौर, संजीव पटेल, अरुण उपाध्याय, आदित्य राज सिंह, अशोक चाकरे, ओम पटेल, प्रेमांशु जैन, दिव्यांश ओझा, राजकुमार कैथवास, हुकुम मेलुन्दे, वामनराव जाधव उपस्थित रहे। राजकुमार कैथवास द्वारा रक्तादाताओ को शीतल पेय दिए। रक्त दान करने वालों में शेख नईम, राहुल वाघ, राहुल कनाडे, धर्मेन्द्र साकल्ले, मोंटी सिंह, ब्रजेन्द सिंह, संजय पाटीदार, रितिक भालेराव, धर्मेन्द्र सिंह राठौड़, जितेन्द्र पटेल, विकास तोमर, चेतन यादव, कमलेश बाबा, अरुण सिंह गौर, रामपाल गुर्जर, अनिल जाधव, मुकेश भास्करे, मनोज पटेल, हरेराम पटेल शामिल थे।

## सद्भावना मंच ने आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एवं लक्ष्मीबाई को याद किया

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एवं झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर सद्भावना मंच द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।**

अध्यक्ष प्रमोद जैन ने दोनों महिलाओं के पराक्रम एवं शौर्य की घटनाओं का उल्लेख किया।

इस अवसर पर संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, सुरेंद्र गीते, ओम पिल्ले, डॉ जगदीश चंद्र चौरे, निरीक्षक चौधरी, एन एन दवे, डॉ एम एम कुरैशी, त्रिलोक चौधरी, अशोक गंगराड़े, मुरली कोडवानी राधेश्याम शाक्य, सुभाष मीणा, कैलाश पटेल आदि मौजूद थे।

